केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इस वर्ष गाँधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड ₹2.01 करोड़ की बिक्री होने पर सभी खादी उत्पादकों को बधाई दी

इससे खादी के कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की खादी व स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील अब एक क्रांति बन चुकी है और उनके नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है – गृह मंत्री

लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगातार बढ़ रहा आकर्षण आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है

प्रविष्टि तिथि: 05 OCT 2024 7:53PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इस वर्ष गाँधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड ₹2.01 करोड़ की बिक्री होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खादी उत्पादकों को बधाई दी।

X प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि "मोदी जी की खादी व स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील अब एक क्रांति बन चुकी है और उनके नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस गाँधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड ₹2.01 करोड़ की बिक्री वास्तव में आनंद का विषय है। इससे खादी के कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा। मैं खादी के सभी उत्पादकों को इसके लिए बधाई देता हूँ। लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगातार बढ़ रहा आकर्षण आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।"

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

X

मोदी जी की खादी व स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील अब एक क्रांति बन चुकी है और उनके नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस गाँधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' में रिकॉर्ड ₹2.01 करोड़ की बिक्री वास्तव में आनंद का विषय है। इससे खादी के... Show more

Khadi India @kvicindia

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की 'ब्रांड शक्ति' ने बनाया एक और कीर्तिमान। 'मन की बात' में स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद खरीदने की उनकी अपील से 'गांधी जयंती' के दिन नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित फ्लैगशिप खादी भवन में सिर्फ एक दिन में बिके 2 करोड़ 1 लाख 37 हजार रुपये के...

1:28 PM · Oct 5, 2024

1.6K Reply Copy link

Read 99 replies

*****

आरके / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2062480) आगंतुक पटल : 132

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Assamese , Punjabi , Kannada